महत्वपूर्ण/परीक्षा

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक/प्रधानाचार्य,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांक– प्राशिप/अनु04/2022/ 11399 **लखनऊ,दिनांक– 10/01/2023**

विषय– विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा/मल्टी प्वाइंट केडिट सिस्टम परीक्षा, दिसम्बर–2022 के परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद पत्रांक–प्राशिप/अनु04/2022/11103 दिनांक 21.12.2022 एवं सं0–11342 दिनांक 06.01.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परिषद की आयोजित होने वाली विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर–2022 का सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर Upload किया गया था, जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि अथवा Clashing सम्बन्धी सूचना प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

सूच्य है कि उपरोक्त के कम में विषम सेमेस्टर परीक्षा एवं विशेष बैक पेपर परीक्षा, जनवरी–2023 का सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम कतिपय संस्थानों द्वारा संशोधन सम्बन्धी सूचना प्रेषित की गयी है, जो कि वांछित संशोधन पूर्ण कर लिया गया है।

किन्तु पुनः अनुरोध है कि वेबसाइट पर उपलब्ध सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम का गम्भीरतापूर्वक भली–भांति परीक्षण कर लें कि विषम सेमेस्टर परीक्षा एवं विशेष बैक पेपर **के परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा Clashing तो नहीं है यदि हो** तो इसकी सूचना तत्काल परिषद कार्यालय के अनुभाग–4 की ई0मेल0 anubhag4bte@gmail.com पर सूचित करना सुनिश्चित करें, अन्यथा कि स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

साथ ही **विशेष बैक पेपर के परीक्षा कार्यक्रम में आपकी संस्था का यदि कोई छात्र ऐसा हो जिसका थ्योरी विषय, विशेष बैक पेपर की स्कीम में नहीं दर्शाया गया हो** तो छात्र का समस्त विवरण सहित तत्काल सूचित करना सुनिश्चित करें।

यदि परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार की Clashing सम्बन्धी सूचना प्राप्त नहीं होती है तो परीक्षा कार्यक्रम अंतिम मान लिया जायेगा।

भवदीय,

Khan

(एफ0आर0 खान)
ह0 सचिव।

पृ0सं0–प्राशिप/अनु04/2022/ 11400-03 **तद्दिनांक–**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पश्चिम क्षेत्र।
3. समस्त अधिकारी, प्रा0शि0प0, उ0प्र0, लखनऊ।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्रा0शि0प0, को इस निर्देश के साथ कि अद्यतन परीक्षा कार्यक्रम को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

Khan

(एफ0आर0 खान)
ह0 सचिव।